प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.–सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
23, सैक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल–100) लखनऊ–226010
website-www.sudaup.org
e-mail-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः–1781 /01/29/HFA/2019–20 दिनांकः– 06 जून, 2019

सेवा में,

समस्त नगर आयुक्त
नगर निगम, उ0प्र0।

विषयः– **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 हेतु समस्त नगर निगमों द्वारा प्रतिभाग किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–एन–11011/1/2019-HFA-I-UD (E No. 9057776) दिनांक 31.05.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों/नगर निगमों/नगर निकायों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 प्रदान किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उपरोक्त हेतु Standard Operating Procedure (SoP) जारी किया गया है, जिसकी छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न है।

दिनांक 04.06.2019 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 हेतु सभी राज्यों के समस्त नगर निगमों द्वारा प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 जून, 2019 निर्धारित की गयी है। पत्र के बिन्दु सं0–3(ii) में उल्लिखित किया गया है कि "नगर निगमों को भारत सरकार के पोर्टल www.pmay-urban.gov.in के माध्यम से पत्र में दिये गये लॉग–इन करके समस्त आवश्यक प्रपत्र/सूचनाएं अपलोड कर नामांकन किया जाना है।" उक्त पत्र में नगर निगम शाहजहांपुर के अतिरिक्त समस्त नगर निगमों की यूजर नेम एवं पासवर्ड (User Name & Password) उल्लिखित है। नगर निगम शाहजहांपुर का यूजर नेम एवं पासवर्ड (User Name & Password) शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जायेगा।

उपरोक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सहायता/जानकारी हेतु आप श्री हितेश पाठक, एम0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एसएलटीसी (ई–मेल sltc.suda@gmail.com मो0–8573000191) से सम्पर्क कर सकते हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

6/6/2019

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

HFAGen/92